10/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण आज खराब मौसम के कारण स्थगित होने के बाद कल के लिए निर्धारित किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि प्रक्षेपण का लक्षित समय कल शाम 5:30 मिनट पर निर्धारित किया गया था। इस ऐतिहासिक मिशन का उद्देश्य अमेरिका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को **लो अर्थ ऑर्बिट** में 14-दिवसीय वैज्ञानिक मिशन के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ले जाना था।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

0000000000000000000000

सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए 2,060 घरों के लिए 25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तानी गोलाबारी से क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा के बाद आया है।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए 2 लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए एक लाख रुपये के अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की।

0000000000000000000000

भारतीय नौसेना ने तटरक्षक बल के साथ मिलकर खोज और बचाव अभियान चलाया, जिसमें सिंगापुर के झंडे वाले **एमवी वान हाई 503** के 22 चालक दल के सदस्यों में से 18 को आज सुरक्षित बचा लिया गया। एमवी में एक **आंतरिक कंटेनर विस्फोट** और उसके परिणामस्वरूप जहाज पर भीषण आग लगने की सूचना मिली थी। भारतीय नौसेना ने कहा कि घटना की सूचना सोमवार को सुबह करीब 9:30 बजे मिली थी। भारतीय नौसेना ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत **आईएनएस सूरत** और एक डोर्नियर विमान को तैनात किया।

0000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन हॉल में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सभा को संबोधित करते हुए पिछले एक दशक में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद केंद्र सरकार का ध्यान सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर रहा है, जिससे पूर्वोत्तर के लिए अवसरों के नए द्वार खुले हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल के विपरीत पूर्वोत्तर राज्य अब उपेक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व और पूर्वोत्तर पर उनके विशेष ध्यान के तहत, इस क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

0000000000000000000000

ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन ने सोमवार को राज्य में **इलिगल इमिग्रेंट्स** के खिलाफ राज्यव्यापी रैलियां निकालीं। राज्य के शीर्ष छात्र संगठन के अंतर्गत सभी जिला छात्र निकायों ने **इलिगल इमिग्रेंट्स से अरुणाचल को बचाओ**'थीम पर आयोजित इस रैली में हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

आईएएस सोनालीका जिवानी ने आज ईस्ट सियांग जिले के नए डिप्टी कमिश्नर के रूप में कार्यभार संभाला है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले को सार्वजनिक सेवाओं और विकास पहलों के सभी पहलुओं पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती और निवर्तमान डीसी तायी ताग्गू के सार्वजनिक सेवा के प्रति उत्साह से प्रेरित हैं।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत **पॉटरी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** का उद्घाटन आज नाहरलागुन के ई-सेक्टर स्थित स्टूडियो 3103 में किया गया।

लगभग 30 प्रतिभागियों को पॉटरी किट प्रदान की गई तथा वे इस वर्ष 9 अगस्त तक पॉटरीस कारतर लोम्बी के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय, हस्तशिल्प केंद्र इटानगर द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

मणिपुर के पांच घाटी जिलों में पिछले शनिवार की रात से व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे आम लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हुआ, मीतेई संगठन- आरामबाई टेंगोल ने आज से तत्काल प्रभाव से राज्य में चल रहे अपने दस दिनों के पूर्ण बंद को स्थगित कर दिया। संगठन ने कहा कि तत्काल प्रभाव से बंद में ढील देने का निर्णय अवांछित तत्वों द्वारा आंदोलन को हाईजैक करने के बाद लिया गया, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

0000000000000000000000

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आज राजौरी जिले के एक सुदूर इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान इसका पता चला। सुरक्षा बलों ने दस अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर और अन्य सामग्री जब्त की है। हालांकि, इस सिलसिले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

0000000000000000000000